Budha Dal Public School, Patiala

Session 2022-23

Term - 2 Subject- Hindi Set - A Time : 2:30hrs M.M 60

Name-____________ Roll No.-___ Class-5 Section____ Date 20.3.23

1.निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो। (5)

आओ प्यारे बच्चों जानें
साल में ऋतुएँ होती छः
सर्दी , पतझड़ , वसंत ,
गर्मी, वर्षा और हेमंत ।

गर्मी की ऋतु में कुल्फ़ी हम खाएँ,
वर्षा आते ही गर्मी से राहत पाएँ।
शिशिर ऋतु में मौसम सम हो जाए,
यह छः ऋतुएँ भारत में आएँ-जाएँ।

प्रश्न-

i) किस ऋतु में हम कुल्फ़ी खाते हैं?

ii) साल की ऋतुओं के नाम लिखो?

iii) किस ऋतु में मौसम सम हो जाता है?

iv) शब्द अर्थ :- 1. वर्ष 2. मौसम

v) विलोम शब्द :- 1. बूढ़ों 2. गर्मी

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो। (5)

दूरदर्शन विज्ञान का प्रमुख आविष्कार है । आज यह लगभग सभी घरों में पाया जाता है । बच्चे, बूढ़े और जवान सभी स्त्री और पुरुष इसे देखना पसंद करते हैं। दूरदर्शन से मनोरंजन एवं देश-विदेश की खबरें आसानी से घर बैठे मिल जाती हैं । आज यह प्रचार का सबसे अच्छा साधन बन गया है । इस पर धारावाहिक, फ़िल्म एवं समाचार के साथ अनेक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम भी प्रसारित किए जाते हैं । विभिन्न लोकप्रिय खेलों का सीधा प्रसारण भी दूरदर्शन पर दिखाया जाता है । अधिक समय तक

Scanned with OKEN Scanner

टेलीविज़न देखना आँखों के लिए हानिकारक है । यह बच्चों के मस्तिष्क को विकृत कर सकता है। इसके कारण छात्रों के पढ़ने का बहुमूल्य समय भी बर्बाद होता है।

प्रश्न-

i) दूरदर्शन कौन-कौन देखना पसंद करता है?

ii) दूरदर्शन किसका प्रमुख आविष्कार है?

iii) दूरदर्शन पर कौन-कौन से कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं?

iv) विलोम : 1. जवान , 2. देश

v) शब्द अर्थ : 1. कीमती 2. ख़राब

3. <u>निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो।</u>

i. यदि रूपा डॉक्टर के पास नहीं जाती तो क्या होता? (3)

ii. बच्चे क्यों खुश थे? (2)

iii. समीना के साहसिक कार्य को देखकर क्या किया गया? (3)

iv. किन्हीं 4 त्योहारों के नाम लिखो? (2)

v. समीना ने किसके बाहर झाँका? (1)

1. दरवाज़े 2. खिड़कि 3. खिड़की

vi. रूपा और संजय कहाँ खेल रहे थे? (1)

1. मैदान में 2. छत पर 3.पहाड़ पर

vii. रमज़ान के महीने में कितने रोज़े रखे जाते हैं? (1)

1. बीस 2. तीस 3.दस

viii. आग से समीना के क्या झुलस गए? (1)

1. पैर 2. बाल 3. हाथ

4. <u>अनेकार्थी शब्द :-</u> (3)

1. अंक

i) धुरी ii) धन iii) गोद

2. काल

i) समय ii) भेद iii) हाथ

3. अंतर

i) आकाश ii) ~~धन~~ भेद iii) मध्य

Scanned with OKEN Scanner

5. नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखो :- (3)

1. कमर कसना

i) भेद खुलना ii) कोई असर ना होना iii) किसी काम के लिए तैयार होना

2. गुड़ गोबर होना

i) बेफ़िक्र होना ii) अपनी जान जोखिम में डालना iii) बना काम बिगड़ जाना

3. घी के दिए जलाना

i) शोभा बढ़ाना ii) खुशियाँ मनाना iii) बुरी तरह हराना

6. निम्न वाक्यों में से काल छाँट कर लिखो :- (4)

1. शेर दहाड़ रहा था।
2. धोबी कपड़े धोएगा।
3. गीता फल धो रही है।
4. महेश गीत सुनाएगा।

7. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलो:- (5)

1. बछड़ा घास खा रहा है।
2. घोड़ा तेज़ दौड़ा।
3. बाग में मोर था।
4. चाचा जी ने सेब खरीदे।
5. बकरा घास खा रहा था।

8. रेखांकित शब्दों के वचन बदलो :- (5)

1. पेड़ के पास झाड़ी थी।
2. अपनी किताब अलमारी में रखो।
3. चुहिया अनाज खा रही थी।
4. चिड़िया पेड़ पर बैठी है।
5. बालक ने कलम तोड़ दी।

Scanned with OKEN Scanner

9. <u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द :-</u> (4)

1. जल में रहने वाला
2. शरीर संबंधी
3. गाने वाला
4. दस वर्ष का समय

10. <u>वाक्य बनाओ :-</u> (3)

1. त्योहार
2. बालक
3. सुबह

11. <u>निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :-</u> (2)

1. उपहार
2. दंग
3. जीवन
4. खतरा

12. अपने विदयालय की मुख्याध्यापिका जी को बीमारी के कारण छुट्टी लेने के लिए पत्र लिखो। (7)

5 copies

Scanned with OKEN Scanner